>

Title : Need to construct a flyover on the existing N.H. No. 6 between Raipur and Durg in Chhattisgarh.

कुमारी सरोज पाण्डेय (दुर्ग): छत्तीसगढ़ राज्य में रायपुर और दुर्ग दो महतवपूर्ण शहर हैं जो आसपास स्थित हैं और दोनों के बीच की दूरी लगभग 36 कि.मी. है, रायपुर राज्य की राजधानी है और दुर्ग एक बड़ा शैक्षणिक और औद्योगिक केन्द्र है इस वजह दोनों शहरों के बीच भारी आवाजाही हमेशा बनी रहती है। इसके अलावा राज्य गठन के पश्चात दोनों शहरों के आकार में भी वृद्धि हुई है तथा दोनों शहर लगभग आपस में जुड़ गए हैं। इन दोनों शहरों के आकार में भी वृद्धि हुई है तथा दोनों शहर लगभग आपस में जुड़ गए हैं। इन दोनों शहरों को जोड़नें वाली एकमात्र सड़क राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 6 है जोकि एक सबसे व्यस्ततम राजमार्ग है और आज की परिस्थिति में यह राजमार्ग इस सड़क से गुजरने वाले यातायात के लिए नाकाफी सिद्ध हो रहा है। इस सड़क से लंबी दूरी की गाड़ियां गुजरती हैं तथा स्थानीय यातायात के बढ़ने के कारण इस सड़क में होने वाली दुर्घटनाओं में बेतहाशा वृद्धि हुई है। इसमें अक्सर उन निर्दोष लोगों की जानें जाती हैं जो रोजी रोटी या अन्य कार्यो से दोनों शहरों के बीच सफर करते हैं।

अतः आज की परिस्थिति को देखते हुए यह आवश्यक हो गया है कि लंबी दूरी के यातायात के लिये एक अलग सड़क बनाई जाये तथा स्थानीय यातायात के लिए अलग चूंकि एक नई सड़क के निर्माण में भूमि उपलब्धता एक बहुत बड़ी समस्या है तथा इसमें समय भी काफी ज्यादा लगने की संभावना है। अतः यह उचित होगा कि वर्तमान सड़क के ऊपर ही एक लंबा फलाई ओवर बनकर दोनों यातायात को अलग अलग कर दिया जाये जिससे लंबी दूरी का यातायात भी बिना किसी रूकावट के चला जाये और स्थानीय यातायात भी सुरक्षापूर्वक चलता रहे।